फर्द अहकाम

कार्यालय जिला कलक्टर, राजसमंद जिला राजसमंद

श्री अर्जुनसिंह फतेहसिंह सोलंकी 107, केवल कॉम्प्लेक्स नवागाम डिंडोली रोड उधना सूरत–394210

– अपीलार्थी

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, अति. जिला कलक्टर, राजसमंद

लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, गढबोर

– प्रत्यर्थी

किस्म मुकदमा–अपील सूचना का अधिकार, 2005 **पत्रावली संख्या 09 / 2023**

क्रमांक	कार्यवाही विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई

दिनांक 21.03.2023

पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी अनुपस्थित। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अंतर्गत चाही गई सूचना भू–अभिलेख अनुभाग से संबंधित होने से पत्रांक 12 दिनांक 04.01.2023 को लोक सूचना अधिकारी, अति. जिला कलक्टर, राजसमंद द्वारा प्रभारी अधिकारी भू–अभिलेख अनुभाग को लिखा गया। प्रभारी अधिकारी भू–अभिलेख द्वारा पत्रांकः प.14( ) भू–अ0 / 23 / 114 दिनांक 10.01.2023 से अपीलार्थी को सूचना उपलब्ध करवाने हेतु तहसीलदार, गढबोर को सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 6(3) के तहत प्रार्थना पत्र अंतरित कर देने तथा समय पर सूचना उपलब्ध नहीं होने से अपीलार्थी द्वारा इस कार्यालय में प्रस्तुत प्रथम अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर लोक सूचना अधिकारी अति. जिला कलक्टर, राजसमंद एवं तहसीलदार, गढबोर को वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय को भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया ।

लोक सूचना अधिकारी अति. जिला कलक्टर, राजसमंद द्वारा जरिये पत्रांक एफ.1( )सू.अ.,05 / 2022 / 148–149 दि. 20.02.2023 से प्राप्त रिपोर्ट अनुसार अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार, गढबोर द्वारा पत्रांकः 298–299 दिनांक 09.02.2023 से अपीलार्थी को बिन्दु सं. 01 व 02 की सूचना जरिये डाक उपलब्ध करवादी गई है।

लोक सूचना अधिकारी अति. जिला कलक्टर, राजसमंद एवं तहसीलदार, गढबोर की रिपोर्ट एवं अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रथम अपील का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी अति. जिला कलक्टर, राजसमंद एवं तहसीलदार, गढबोर की रिपोर्ट अनुसार अपीलार्थी द्वारा चाही गई वांछित सूचना उपलब्ध करादी जाने से उक्त प्रकरण इसी स्टेज पर निर्णित किया जाता है। निर्णय की प्रति अपीलार्थी, लोक सूचना अधिकारी अति. जिला कलक्टर, राजसमंद एवं तहसीलदार, गढबोर को भिजवायी जावे।

पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नंबर से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।

लोक सूचना अपीलीय अधिकारी
(जिला कलक्टर) राजसमंद

न्यायालय जिला कलक्टर राजसमन्द (राज.)